F.No.A-11020/01/2015- Raj Bhasha/Estt.
Government of India
Ministry of Chemicals & Fertilizers
Department of Pharmaceuticals

----------------

Shastri Bhawan, New Delhi
Dated 15th March, 2016

**OFFICE MEMORANDUM**

Subject: Uploading of Tender Notice for hiring Consultant (Hindi) on Contract basis in the Department of Pharmaceuticals-regarding.

-----------

The undersigned is directed to enclose the tender notice for hiring Consultant (Hindi) on contract basis for uploading on the Official Website of Department of Pharmaceuticals.

2. You are, therefore, requested to upload this tender notice on the Official Website of Department of Pharmaceuticals.

(S.R. Meena)
Under Secretary to the Govt. of India
Ph: 23382096

Encl: As stated above.

To

Shri V.K. Tyagi
Consultant,
Department of Pharmaceuticals.

**फाइल संख्या 11020/01/2015-राजभाषा /स्थापना**

**भारत सरकार**

**रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय**

**औषध विभाग**

*********

दो हिन्दी परामर्शदाताओं, जो केन्द्र सरकार से कम से कम सहायक निदेशक (राजभाषा) के पद से सेवानिवृत्त हुए हों, की अनुबंध आधार पर 40,000/- रुपए कुल परामर्शी मासिक शुल्क पर नियुक्ति किए जाने के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। परामर्शदाता का कार्य और उत्तरदायित्व केन्द्र सरकार में सहायक निदेशक (राजभाषा) के उत्तरदायित्वों के समान होंगे।

आवेदन, निर्धारित प्रपत्र में, अनुभाग अधिकारी (स्थापना), औषध विभाग, गैराज संख्या 32, 'ए' विंग, शास्त्री भवन, नई दिल्ली-110001 को **30 मार्च, 2016 (बुधवार)** तक भेजे जा सकते हैं। इससे संबंधित परिपत्र का ब्यौरा और आवेदन का निर्धारित प्रपत्र विभाग की वेबसाइट: http://pharmaceuticals.gov.in से डाउनलोड़ किए जा सकता है या किसी भी कार्यदिवस पर इस कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

**(एस.आर. मीणा)**
**अवर सचिव, भारत सरकार**
**दूरभाष संख्या: 23382096**

**फाइल संख्या 11020/01/2015-राजभाषा /स्थापना**

**भारत सरकार**

**रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय**

**औषध विभाग**

*****

शास्त्री भवन, नई दिल्ली

दिनांक :          मार्च, 2016

**कार्यालय ज्ञापन**

**विषय:** **औषध विभाग में परामर्शदाता (राजभाषा) के रूप में सेवानिवृत्त राजभाषा अधिकारियों की नियुक्ति के संबंध में।**

पूर्णकालिक परामर्शदाता (राजभाषा) के रूप में कार्य करने के लिए दो सेवानिवृत्त राजभाषा अधिकारियों की नियुक्ति किए जाने का प्रस्ताव किया जाता है, जिसके निबंधन एवं शर्तें निम्नवत हैं:

i. परामर्शदाता केन्द्रीय सरकारी सेवा से सहायक निदेशक (राजभाषा) अथवा इससे ऊपर के पद से सेवानिवृत्त हुए हों।

ii. नियुक्ति के लिए प्रस्तावित परामर्शदाता को राजभाषा कार्यान्वयन और अंग्रेजी से हिन्दी और हिन्दी से अंग्रेजी अनुवाद में दक्षता के साथ-साथ केन्द्र सरकार के मंत्रालय/विभाग के कार्यचालन की अच्छी जानकारी होनी चाहिए।

iii. परामर्शदाता का कार्य और उत्तरदायित्व केन्द्र सरकार में सहायक निदेशक (राजभाषा) के उत्तरदायित्वों के समरूप/समक्ष होंगे।

iv. यह नियुक्ति, प्रारम्भ में, छह महीने की अवधि के लिए होगी, या किसी नियमित अधिकारी की तैनाती होने तक होगी, जो भी पहले हो।

v. सामान्यत: कार्य का समय कार्यदिवसों में सुबह 9.00 बजे से शाम 5.30 बजे तक का होगा जिसमें आधे घंटे का भोजनावकाश शामिल होगा। तथापि, कार्य की अनिवार्यता की स्थिति में परामर्शदाता को कार्यसमय के अलावा देर तक कार्य करना होगा और उसे शनिवार/रविवार और अन्य राजपत्रित अवकाश में भी बुलाया जा सकता है।

vi. परामर्शदाता छह माह की अवधि के दौरान 04 दिनों की छुट्टियों का पात्र होगा। तथापि, परामर्शदाता की नियुक्ति को छह माह से अधिक समय के लिए बढ़ाए जाने की स्थिति में, उसकी पिछली अवधि की बकाया छुट्टियों को अगली अवधि में जोड़ा नहीं जाएगा।

vii. इस नियुक्ति को सरकार द्वारा बिना कोई कारण बताए पंद्रह दिनों का नोटिस देकर कभी भी समाप्त किया जा सकता है।

viii. कुल समेकित परामर्शी शुल्क 40,000/- रुपए (चालीस हजार रुपए) होगा। इस राशि के अलावा कोई अन्य भत्ते स्वीकार्य नहीं होंगे।

3. पात्रता मानदण्डों को पूरा करने वाला कोई भी व्यक्ति, जो हिन्दी परामर्शदाता के रूप में अपनी सेवाएं प्रदान करने के इच्छुक हो, वह अनुलग्नक-I के रूप में संलग्न विहित प्रपत्र में अपना आवेदन अनुभाग अधिकारी (स्थापना), औषध विभाग, गैराज संख्या 32, 'ए' विंग, शास्त्री भवन, नई दिल्ली-110001 को **30 मार्च, 2016 (बुधवार)** तक भेज सकते हैं।

4. मंत्रालयों/विभागों से अनुरोध है कि इस परिपत्र का अपने स्टाफ के बीच व्यापक रूप से प्रचार करें तथा इसे अपनी अधीनस्थ/सम्बद्ध कार्यालयों के ध्यान में भी लाएं।

**(एस.आर. मीणा)**
**अवर सचिव, भारत सरकार**

सेवा में,

समस्त मंत्रालय/विभाग, भारत सरकार

प्रतिलिपि: एनआईसी, औषध विभाग को वेबसाइट पर इस कार्यालय ज्ञापन को अपलोड करने हेतु।

अनुलग्नक-I

**प्रपत्र**

**औषध विभाग, शास्त्री भवन, नई दिल्ली-110001 में परामर्शदाता (राजभाषा) की नियुक्ति**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. | नाम | : | | |
| 2. | जन्म तिथि | : | | |
| 3. | दूरभाष संख्या (मोबाइल) | : | | |
| 4. | पत्र व्यवहार का पता | : | | |
| 5. | सरकारी सेवा कार्यग्रहण की तारीख | : | | |
| 6. | सेवानिवृत्ति की तारीख | : | | |
| 7. | मंत्रालय/विभाग का नाम जहां से सेवानिवृत्त हुए | : | | |
| 8. | आहरित अंतिम वेतन<br>पे बैंड एवं ग्रेड पे में वेतन) | : | | |
| 9. | शैक्षिक योग्यता | : | | |
| 10. | कंप्यूटर ज्ञान का ब्यौरा | : | | |
| 11. | सहायक निदेशक एवं इससे ऊपर के ग्रेड में अनुभव का संक्षिप्त ब्यौरा | : | मंत्रालय/विभाग | संचालित विषयों का ब्यौरा |

मैं एतद्वारा घोषणा करता हूं कि उपर्युक्त तथ्य मेरे सर्वोत्तम ज्ञान एवं विश्वास के अनुसार सत्य एवं सही है। मैं यह भी घोषणा करता हूं कि मेरी सेवानिवृत्ति के समय मैं किसी सतर्कता संबंधी मामले में शामिल नहीं था।

**(आवेदक के हस्ताक्षर)**